खैरथल-तिजारा जिले के मंडी व्यापारी ने अलवर आकर सुसाइड किया

सुसाइड से पहले व्यापारी ने फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा कि 'आईजी और एसपी साहब एएसआई महेंद्र सिंह यादव तिजारा के खिलाफ कार्रवाई करें, ऐसे इंसान को डिसमिस करें'

अलवर, (निसं)। खैरथल-तिजारा जिले के एक मंडी व्यापारी ने अलवर आकर सुसाइड कर लिया। मरने से पहले उसने फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा कि 'आईजी और एसपी साहब एएसआई महेंद्र सिंह यादव तिजारा के खिलाफ कार्रवाई करें। ऐसे इंसान को डिसमिस करें। मेरी सारी गवाही और सबूत मिटा दिए गए, जबकि सीओ शिवराज सिंह ने जांच कर मेरे ऊपर सोनू की तरफ से लगे एससी-एसटी के झूठे मुकदमे लगाए एफआर लगाई। महेंद्र एएसआई तिजारा ने बहुत गलत किया है। मेरे से 18 हजार रुपये रिश्वत ली। मरने वाला झूठ नहीं बोलता। सोनू से सांठगांठ हो गई और फाइल से सारी गवाही हटा दी गई।'

फेसबुक पर पोस्ट करने के बाद व्यापारी ने तिजारा सीओ शिवराज सिंह को भी मैसेज किया, जिसके बाद उसने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया। इस दौरान सीओ शिवराज सिंह को शक हुआ तो व्यापारी राजेश गुप्ता (52) की लोकेशन निकलवाने की कोशिश की गई। शुरुआत में लोकेशन नहीं मिली, जिसके बाद सीओ खुद जाब्ते के साथ उसके घर पहुंचे। वहां राजेश का बेटा मिला, लेकिन उसे भी अपने पिता के बारे में जानकारी नहीं थी कि वह कहां गए हैं। हालांकि राजेश पिछले तीन दिनों से गायब था। इसके बाद पुलिस ने फिर लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की तो उसकी लोकेशन अलवर शहर की तेज मंडी के पास दिखाई दी। तिजारा पुलिस ने अलवर पुलिस को सूचना देकर मौके पर भेजा, जहां दा रॉयन गेस्ट हाउस में राजेश गुप्ता पंखे से लटका मिला। इसके बाद उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तिजारा सीओ शिवराज सिंह ने बताया कि राजेश करीब दो साल पहले एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। साथ रहने के बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसके बाद महिला सोनू ने राजेश पर एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था और राजेश ने महिला के खिलाफ 420 का मामला दर्ज कराया था। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच करते हुए एफआर लगा दी थी। इसी के साथ राजेश को कुछ व्यवसायिक नुकसान भी हो रहा था। साथ ही राजेश ने तिजारा मंडी में किसी कच्ची पर्ची का भी जिक्र किया था, जिसमें उसने गड़बड़ी होने की बात कही थी। शिवराज सिंह ने बताया कि राजेश ने दोपहर करीब 12 बजे उनके मोबाइल पर ये मैसेज भेजे थे, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और उसकी तलाश शुरू कर दी गई ताकि वह कोई गलत कदम न उठा ले, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

व्यापारी का फाइल फोटो

- फेसबुक पर पोस्ट करने के बाद व्यापारी ने तिजारा सीओ शिवराज सिंह को भी मैसेज किया, जिसके बाद उन्होंने अपना फोन बंद कर लिया
- तिजारा पुलिस ने अलवर पुलिस को सूचना देकर मौके पर भेजा, जहां एक गेस्ट हाउस में व्यापारी राजेश गुप्ता पंखे से लटका मिला

फेसबुक पोस्ट में राजेश गुप्ता ने महिला सोनू पर भी गंभीर आरोप लगाए। उसने लिखा कि महिला ने उससे 5 लाख रुपये लिए थे और धमकी दी थी कि वह उसके भतीजे की शादी बिगाड़ देगी। राजेश ने अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में महिला की बहन भी शामिल है और दोनों मिलकर लोगों के साथ ठगी करती हैं। इसके अलावा राजेश ने फेसबुक पर महिला के साथ हुई चैट के स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किए, जिनमें महिला की ओर से भेजे गए मैसेज दिखाई दे रहे हैं।

युवक ने जहरीली दवा खाई, मौत

डूंगरपुर, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के पीपलादा गांव में एक युवक ने जहरीली दवा खाकर अपनी जीवन समाप्त कर ली। युवक लंबे समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीती रात मानसिक तनाव के चलते माधव सिंह ने घर पर ही कोई अज्ञात जहरीली दवा खा ली। दवा का असर होते ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे बेहोशी की हालत में डूंगरपुर के जनरल अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद माधव सिंह को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

सड़क हादसे में युवक की मौत

मसूदा, (निसं)। मसूदा थाना क्षेत्र में देवास चौराहे के निकट सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब युवक अपने ननिहाल कानपुरा जा रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई सुखदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई लक्ष्मण सिंह मोटरसाइकिल से कानपुरा जा रहा था। देवास चौराहे से पहले ब्यावर-विजयनगर मार्ग पर एक कार चालक तेज गति से वाहन चलाते हुए आया तथा मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

जोधपुर में एमडी ड्रग सहित दो गिरफ्तार

जांच में सामने आया कि एमडी मतोड़ा के पल्ली गांव से लाई गई थी

जोधपुर, (कासं)। शहर की उदयमंदिर पुलिस ने मोहनपुरा पुल के नीचे बुधवार की शाम को एक लोडिंग टैक्सी के बॉक्स में रखी 136 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की है। इसे लाने वाला भी टैक्सी चालक के साथ था। दोनों इसे आसपास कहीं पर सप्लाई करने वाले थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरंभिक पड़ताल में सामने आया कि यह एमडी मतोड़ा के पल्ली गांव से लाई गई है। अब देने वाले की पुलिस तलाश में जुटी है। पकड़े गए लोडिंग टैक्सी चालक और दूसरे के युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि मोहनपुरा पुल के नीचे से गुजरने वाली एक लोडिंग टैक्सी में अवैध मादक पदार्थ रखा हुआ है जोकि संभवत : एमडी ड्रग हो सकती है। इस पर पुलिस की टीम ने मोहनपुरा पुल के नीचे कपड़ों की गांठों से भरी लोडिंग टैक्सी को रूकवाया।

उसमें सवार दोनों युवकों से पूछताछ किए जाने के साथ गाड़ी के ड्राइवर सीट के पास बॉक्स को चैक किया गया तो उसमें 136 ग्राम एमडी ड्रग मिली। इस पर चालक अजासर चाखू निवासी सुनील को गिरफ्तार किया गया। उसके साथ वाले ने अपना नाम पता एकलखोरी ओसियां निवासी खमूराम होना बताया।

थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि पूछताछ में पता लगा कि खमूराम यह एमडी ड्रग लेकर आया था और कहीं सप्लाई करने वाले थे, जगह का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी खमूराम ने बताया कि वह यह एमडी ड्रग मतोड़ा के पल्ली निवासी सुनील से लेकर आया है। अब पुलिस सुनील की तलाश में लगी है।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला खण्ड सांगोद (जिला कोटा)

क्रमांकः-814 **निविदा सूचना संख्या 02/2026-27** दिनांक : 15.06.2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क / भवन कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

(UBN NO.PWD2627WSOB05206) (UBN NO.PWD2627WSOB05207)
(UBN NO.PWD2627WSOB05208) (UBN NO.PWD2627WSOB05209)
(UBN NO.PWD2627WSOB05210) (UBN NO.PWD2627WSOB05211)
(UBN NO.PWD2627WSOB05212) (UEN NO.PWD2527WS0805213)
(UBN NO.PWD2627WSOB05214) (UBN NO.PWD2627WS0B05215)
(UBN NO.PWD2627WSOB05216) (UBN NO.PWD2627WSOB05217)
(UBN NO.PWD2627WSOB05218) (UBN NO.PWD2627W50B05219)
(UBN NO.PWD2627WS805221) (UBN NO.PWD2627WS0B05222)
(UBN NO.PWD262/WS0805223) (UBN NO.PWD2627WS0B05224)
(UBN NO.PWD2627WS0B05225)

(दिनेश कुमार धाकड़)
अधिशाषी अभियन्ता
सानि वि जिला खण्ड सांगोद

DIPR/C/11027/2026

कविता को ग्रामीण सेवा शिविर में मकान का पट्टा मिला

मकान का पट्टा मिलने पर महिला का मुख्यमंत्री का आभार जताया

ब्यावर की नरबदखेड़ा ग्राम पंचायत में लगे सेवा शिविर में महिला कविता को मकान का आबादी भूमि का पट्टा दिया।

जयपुर, ब्यावर। ब्यावर जिले की नरबदखेड़ा ग्राम पंचायत में लगे ग्रामीण सेवा शिविर में जब ग्राम नरबदखेड़ा निवासी कविता पत्नी प्रवीण सिंह को उसके मकान का आबादी भूमि पट्टा दिया गया, खुशी से उसके आंसू निकल आए।

कविता ने बताया कि काफी समय से पट्टा नहीं मिलने के कारण उसे कई दिक्कतें आ रही थी। वह बैंक से लोन लेकर एक अतिरिक्त कमरा बनवाना चाहती थी लेकिन पट्टे के बिना बैंक लोन नहीं दे रहा था, मकान के स्वामित्व को लेकर भी मन में डर था।

ग्रामीण सेवा शिविर में कविता ने ग्राम पंचायत के माध्यम से आवेदन किया, तत्काल उसकी पात्रता की जांच की गई और शिविर में ही उसे मकान का पट्टा प्रदान कर दिया गया। कविता ने कहा कि रोटी, कपडा और मकान न्यूनतम जरूरत माने जाते हैं लेकिन रोटी तो आज मिल गई तो कल की रोटी के लिए नया संघर्ष करना पड़ता है, कपडे के लिए भी साल-2 साल में नये सिरे से मशक्कत करनी पड़ती है। मकान गरीब का वह सपना होता है, एक बार पूरा हो जाये तो पूरी जिन्दगी बिना टेंशन के निकल जाती है। मकान बनाकर उस सपने को देख तो लिया था, पट्टा मिलने से अब वास्तविकता में बदला है। अब मेरे बच्चों को मेरे रहने और मेरे बाद भी छत के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, उनको इस पर अधिकार का कागज मिल गया है। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार, जिन्होंने मुझे पट्टा दिलवाने के लिए कैम्प लगवाया। जिस पट्टे के लिए बरसों से भटक रहे थे, आज गांव में ही मिल गया।

- महिला के पास पट्टा नहीं होने से बैंक लोन नहीं दे रहा था

अलवर में वन राज्य मंत्री ने कोचिंग सैंटरों को सील करने की कार्रवाई पर रोक लगाई

अलवर, (निसं)। अलवर में बुधवार को नयाबास के आसपास 14 कोचिंग सैंटर और लाइब्रेरी सील किए जाने के अगले ही दिन वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने इस कार्रवाई को रुकवा दिया है। गुरुवार को कोचिंग संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान वन मंत्री संजय शर्मा से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

इस मामले में कोचिंग संचालक को थप्पड़ मारने के आरोप में एक महिला होमगार्ड को हटा दिया गया है। वहीं, कोचिंग संचालकों ने नगर निगम के एक्सइएन धर्मेंद्र मीणा पर भी अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शिकायत सौंपी है। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद सरकार के आदेश पर पूरे प्रदेश में कोचिंग सैंटर और लाइब्रेरी की जांच की गई थी। जहां आग बुझाने के उपकरण और फायर एनओसी नहीं मिली, उन्हें सील किया गया था। अलवर में भी एक दिन यह कार्रवाई की गई, लेकिन कोचिंग सैंटर संचालकों से मुलाकात के बाद अब यह तय किया गया है कि उन्हें 15 दिन का समय दिया जाए। इस अवधि में वे फायर एनओसी प्राप्त कर लें और आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम पूरे कर लें। इसके लिए कोचिंग सैंटर संचालकों से एक शपथ पत्र (एफिडेविट) भी लिया जाएगा कि यदि 15 दिनों के भीतर आग बुझाने के उपकरण नहीं लगाए गए, तो आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सीलिंग की कार्रवाई रोक दी गई है। इसके अलावा, करियर मेकर कोचिंग सैंटर के संचालक को थप्पड़ मारने के आरोप में दोषी महिला होमगार्ड को हटा दिया गया है।

- मंत्री ने 15 दिन का समय दिया, इस अवधि में वे फायर एनओसी प्राप्त कर लें और आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम पूरे कर लें

इसके अलावा, सर्किट हाउस में वन राज्य मंत्री के पास ट्रांसफर के आवेदन लेकर पहुंचने वाले लोगों की भी लंबी कतार लगी रही। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि सरकार ने करीब डेढ़ साल बाद तबादलों से रोक हटाई है। यही कारण है कि इस समय तबादलों के लिए सबसे अधिक आवेदन आ रहे हैं। जितनी भीड़ गुरुवार को सर्किट हाउस में दिखी, उससे कहीं अधिक भीड़ बुधवार को जयपुर सचिवालय में थी। हम सभी के आवेदन स्वीकार कर रहे हैं, लेकिन सरकार की मंशा है कि किसी को भी अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। जहाँ पद रिक्त (खाली) हैं, केवल वहीं तबादले किए जाएं।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर

क्रमांकः अअ / सांचौर / 2026-27/429 दिनांकः 19.06.2026

निविदा सूचना संख्याः 03 वर्ष 2026-27

NIB No. PWD2627A1278

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सीडी कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 132.50 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख	24 जून 2026, 9:30 बजे से 06 जुलाई 2026, सायं 06:00 बजे तक

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

PWD2627WSOB05413, PWD2627WSOB05415
PWD2627WSOB05416, PWD2627WSOB05417

(प्रदीप पंवार)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/11154/2026

फर्टीलाइजर सेल्स एप्लीकेशन सिस्टम का राजसमंद में शुभारंभ

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजसमंद और सिरोही जिलों को चयनित किया गया है

कृषि विभाग के आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने कृषि विज्ञान केंद्र राजसमन्द में एप का शुभारम्भ किया।

जयपुर। कृषि विभाग के आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र राजसमन्द में आयोजित कार्यक्रम में फर्टीलाइजर सेल्स एप्पलीकेशन सिस्टम (एफएसएएस) का शुभारम्भ किया। इस अभिनव व्यवस्था को फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजसमंद एवं सिरोही जिलों में लागू किया गया है। कार्यक्रम में एडीएम नरेश बुनकर सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, किसान एवं कृषि आदान विक्रेता उपस्थित रहे।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पारदर्शी, सुगम एवं तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि एफएसएएस प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनकी फार्मर आईडी के आधार पर अनुदानित उर्वरकों का वितरण किया जाएगा। इससे उर्वरक वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी तथा वास्तविक किसानों तक समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। इस प्रणाली की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर राजसमंद जिले से की गई है। अब किसान अपने मोबाइल फोन के माध्यम से उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत उन्हें खाद की आपूर्ति पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित कराई जाएगी। इससे किसानों को खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा तथा समय और श्रम दोनों की बचत होगी। साथ ही उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अनियमित वितरण पर भी प्रभावी रोक लग सकेगी।

- एप के माध्यम से अनुदानित उर्वरकों का वितरण होगा, किसानों को कतारों में नहीं लगना पड़ेगा

एडीएम नरेश बुनकर ने कहा कि तकनीक आधारित यह पहल किसानों को सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को समय पर आवश्यक कृषि आदान उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने किसानों से इस प्रणाली का अधिकतम लाभ उठाने का आव्हान किया।

अतिरिक्त निदेशक कृषि खंड भीलवाड़ा श्री निरंजन सिंह राठौड़ ने कहा कि फर्टीलाइजर सेल्स एप्पलीकेशन सिस्टम (एफएसएएस) उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जोधपुर में एमडी फैक्टरी का अवैध निर्माण तोड़ा

जोधपुर, (कासं)। फलौदी जिले में अवैध मादक पदार्थ और शराब माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बाप क्षेत्र में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

- जिला प्रशासन ने ग्राम टेकरा में गोचर भूमि पर बनी अवैध शराब की दुकान को भी गिराया

ग्राम भारवा नगर मोडकिया में आरोपी सुखराम के ट्यूबवेल पर संचालित एमडी ड्रग्स फैक्टरी का 21 मई को भंडाफोड़ किया था। यहां से एमडी, उपकरण और रासायनिक पदार्थ बरामद किए गए थे। बुधवार को तहसीलदार बाप, राजस्व टीम और पुलिस ने फैक्टरी के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा ग्राम टेकरा में गोचर भूमि पर बनी अवैध शराब की दुकान को भी गिराया गया। मार्च में यहां से विभिन्न प्रकार की शराब जब्त की गई थी। जांच में दुकान का निर्माण गोचर भूमि पर पाया गया, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर अवैध ढांचे को ध्वस्त कर दिया।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा. नि. विभाग, विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर

क्रमाक :-498 दिनांक : 18.06.2026

निविदा सूचना संख्याः 11/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य

(1.) Rate contract for electrical work in residential buildings Model Town, Malviya Nagar, Jawahwar Nagar, Vidhaydhar Nagar Quarters/Bunglows at Jaipur
(2.) Rate contract for electrical work in residential buildings Hospital Road, Heera Bagh, Bhagat Singh Marg, Gangwal Park, C.S. Residence, DGP Residence and other Type Quarters/Bunglows Under Juridication of Electrical Sub Division IV, Jaipur
(3.) Rate contract for electrical work in residential buildings IInd type, M type, N type and other Type Quarters/Bunglows at Gandhi Nagar, Jaipur
(4.) Rate contract for electrical work in residential buildings IIIrd type, IV type, Old MREC, Multy Storey and other Type Quarters/Bunglows at Gandhi Nagar, Jaipur
(5.) Rate contract for electrical work in residential buildings Vth type, Vith type, H Type, G Type, Bajaj Nagar Apartment and other Type Quarters/Bunglows at Gandhi Nagar, Jaipur
(6.) Rate contract for electrical work in residential buildings AVS Flats, E type, F type and other Type Quarters/ Bunglows at Gandhi Nagar, Jaipur
(7.) Rate contract for electrical work in residential buildings J type, J-II, JA, JB and other Type Quarters/Bunglows at Gandhi Nagar, Jaipur
(8.) SITC of CCTV Camera System for Security purpose at S-Block Mahveer Nagar Tonk road Malviya Nagar Jaipur
(9.) SITC of CCTV Camera System for Security purpose at Love Kush Nagar Tonk Road Malviya Nagar Word 145 Jaipur

हेतु उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा मय दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरीयड) शर्त सहित विद्युत कार्यों हेतु आमंत्रित की जाती है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया "https://eproc.rajasthan.gov.in" पर ऑन लाईन सम्पादित की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। शुद्धि-पत्र केवल http://eproc.rajasthan.gov.in वेब साईट पर अपलोड किए जाऐंगे।

UBN NO.: PWD2627WSOB05385, PWD2627WSOB05386, PWD2627WSOB05387, PWD2627WSOB05388, PWD2627WSOB05389, PWD2627WSOB05390, PWD2627WSOB05391, PWD2627WSOB05392, PWD2627WSOB05393

(अरविन्द खत्री) अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि, विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर
मो नं. 9829456575
ईमेल-eeelectriciii@gmail.com

DIPR/C/11155/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुल्तानपुर

क्रमांकः 655 दिनांक :- 16/06/2026

निविदा सूचना संख्या 12/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभागं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org, http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 06.07.2026 को 06:00 बजे तक।

UBN No.- 1. PWD2627WSOB05189
2. PWD2627WSOB05190

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सुल्तानपुर

DIPR/C/11061/2026

Office of the Executive Engineer, Watershed Development & Soil Conservation Bikaner

S.N.: 170-76 Date: 18/06/2026

NOTICE INVITING BID

NIB No WSC2627A0466

On the behalf of Governor of Rajasthan, bids for the execution of Construction of NRM Works under PMKSY 2.0 Projects of estimated value INR 132.58 Lakh as mentioned below are invited from interested bidders up to 30-06-2026, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state, and www.watershed.rajasthan.gov.in departmental website.

Bid No.	Block	Estimated Cost, (Rs. in lakhs)	UBN No.
1	Bikaner	132.58	WSC2627WSOB00729

[Mahesh Kumar Ajariwal]
Executive Engnieer
WDSC, Bikaner

DIPR/C/11179/2026

Office of the Executive Engineer, Watershed Development & Soil Conservation Bikaner

S.N.: 177-83 Date: 18-06-2026

NOTICE INVITING BID

NIB No WSC2627A0473

On the behalf of Governor of Rajasthan, bids for the execution of Construction of NRM & PRODUCTION Works under PMKSY 2.0 Projects of estimated value INR 109.22 Lakh as mentioned below are invited from interested bidders up to 30-06-2026, 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state, and www.watershed.rajasthan.gov.in departmental website.

Bid No.	Block	Estimated Cost, (Rs. in lakhs)	UBN No.
1	Bikaner	44.11	WSC2627WSOB00750
1	Bikaner	65.11	WSC2627WSOB00751

[Mahesh Kumar Ajariwal]
Executive Engnieer
WDSC, Bikaner

DIPR/C/11178/2026

राजगढ़ में दो कारों की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक घायल

सादुलपुर, (निसं)। जयपुर से भादरा जा रही वरना कार को गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर घायल है। राजगढ़ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने घटना का मौका निरीक्षण किया है तथा मामला दर्ज कर मृतक युवकों के शव परिजनों को सौंप दिये।

जानकारी के अनुसार हादसा 25 जून रात करीब 1.15 बजे राजगढ से करीब 11 किमी दूर चूरू की तरफ मुंदीताल बस अड्डा पर हुआ। पुलिस को दी रिपोर्ट में नरेश कुमार, निवासी हाथीपुरा भादरा और पुनित सिंह, निवासी सिकरोडी भादरा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उनके भाई रामचंद्र पुत्र गोविंदराम, सिंधि निवासी वार्ड॰4 भादरा और पवन सिंह पुत्र सुरेश सिंह, निवासी सिकरोडी भादरा वरना कार से जयपुर से भादरा लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बिना नंबर की फॉर्च्यूनर गाड़ी गलत दिशा में लापरवाही से चल रही थी। फॉर्च्यूनर गाडी के चालक ने वरना कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वरना कार में सवार रामचंद्र व पवन सिंह की मौके पर मौत हो गई।

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, जालोर

कमांकः लेखा/निविदा/2026/1248 दिनांकः- 15/06/26

ऑनलाईन खुली निविदा सूचना संख्या 05/2026-27

श्रीमान निदेशक महोदय जनगणना कार्य निदेशालय राजस्थान जयपुर के भारत की जनगणना 2027 के कार्य सम्पादन हेतु जिला एवं चार्ज स्तर पर हार्डवेयर कय करने के लिए Single Stage Two Envelope ऑनलाईन खुली दरनिविदा आमन्त्रण की जाती है। निविदा का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	बोली प्रपत्र शुल्क (रू.में)	ई-निविदा प्रोसेसिंग शुल्क (रू.में)	बोली प्रतिभूति राशि (रू.में)	ऑनलाईन बोली		
						निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय समय	निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम दिनांक व व समय	ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक
1	जिला स्तर चार्ज स्तर (समस्त तहसील / नगरपरिषद / नगर पालिकाओं) में हार्डवेयर कय करने हेतु	18.00/-	1000/	500/-	36000/-	17.06.26 9.00 AM	29.06.26 01.00 PM तक	29.06.26 04.00 PM

निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता में निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तें व जानकारी राजस्थान लोक उपापन की वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

नोट :- सिंगल चालान से जमा करवानी होगी। उसकी प्रति ऑनलाईन बिड में चढाना होगा।

NIB NO - CJL2627A0012
UBN NO-CJL2627GLOB00014

उप जिला जनगणना अधिकारी
एवं उपनिदेशक,
आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, जालोर

DIPR/C/11278/2026